ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 13-05-2022

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-05-13 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-05-14	2022-05-15	2022-05-16	2022-05-17	2022-05-18
वर्षा (मिमी)	2.0	0.0	0.0	8.0	10.0
अधिकतम तापमान(से.)	24.0	25.0	27.0	26.0	24.0
न्यूनतम तापमान(से.)	11.0	12.0	14.0	15.0	14.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	70	65	70	75	75
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	45	45	40	45	45
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	6.0	8.0	8.0
पवन दिशा (डिग्री)	120	120	130	130	130
क्लाउड कवर (ओक्टा)	2	1	0	3	4

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में, 17 व 18 मई को हल्की वर्षा हो सकती है तथा शेष दिन मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 24.0 से 27.0 व 11.0 से 15.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0 से 8.0 किमी/ घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 15 से 21 मई के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से कम तथा अधिकतम व न्यूनतम तापमान क्रमशः सामान्य से अधिक व सामान्य रहने का अनुमान ह

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉ इड उपयोगकर्ताओं) ओं ओं और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) ओं ओं से डाउनलोड किया जा सकता है| मई माह मे खेत की मेड़ बन्दी कर जुताई कर के छोड़ दे। ग्रीष्मकालीन जुताई से खेत के कीटो एवं बीमारियो के लारवा एवं खरपतवार आदि के बीज नष्ट हो जाते है मेड़ बन्दी से वर्षा जल खेत में ही रहेगा तथा जल बहाव के साथ मिट्टी बहकर बाहर नही जाएगी।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, 17 व 18 मई को कहीं-हींकहीं हल्की वर्षा हो सकती है तथा शेष दिन मौसम साफ रहेगा। रसायनो का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	मध्यम उँचे क्षेत्रों में सिंचित दशा में रोपाई हेतु धान की नर्सरी माह के प्रथम पखवाड़े में रखे।
अरहर (लाल चना/अरहर)	फसल की बुवाई माह के प्रथम पखवाड़े में करें तथा कम समय में तैयार होने वाली उन्नत प्रजातियों को बोंयेंबों यें।
मक्का	मध्यम पर्वतीय क्षेत्रों में फसल की बुवाई माह के द्वितीय पखवाड़े में करें।
डाइन्चा	अगर सिंचाई की सुविधा है तो गेंहूँ एवं अन्य रबी फसलो की कटाई के बाद खाली खेत में हरी खाद हेतू ढैंचा तथा सनई की बुवाई करें।
लहसुन	यदि लहसुन की फसल तैयार हो गयी है तथा इनकी पत्तिया जमीन की सतह पर गिरनी प्रारंभ हो गई हों तो फसल में सिंचाई करना बंद करें तथा आने वाले 15-20 दिनों में फसल की खुदाई करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
प्याज	यदि प्याज की फसल तैयार हो गयी है तथा इनकी पत्तिया जमीन की सतह पर गिरनी प्रारंभ हो गई हों तो फसल में सिंचाई करना बंद करें तथा आने वाले 15-20 दिनों में फसल की खुदाई करें
शिमला मिर्च	पर्वतीय क्षेत्रों में यदि शिमला मिर्च, टमाटर, बैंगन की पौध का प्रतिरोपण 1 माह पूर्व हो गया हो तो यूरिया की टॉप डे्सिंग करें साथ ही साथ नमी संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करें।
मिर्च	मिर्च की फसल मे विषाणु जनित रोगो के नियंत्रण हेतु संक्रमित पौधों (धों सिकुड़े हुए चित्तकबरे पत्ते दिखाई देने पर) को निकालकर नष्ट करे तथा रस चूसने वाले कीड़ो के नियत्रंण हेतु सर्वागीं कीटनाशी का छिड़काव करें। झुलसा रोग के प्रकोप से बचाव हेतु मैनकोजेब 2.5 ग्रा0/ली0 या कॉपर आॅक्सीक्लोराइड 3.0 ग्रा0 प्रति ली0 पानी की दर से घोल बनाकर छिडकाव करे।
टमाटर	टमाटर की फसल मे विषाणु जनित रोगो के नियंत्रण हेतु संक्रमित पौधों (धों सिकुड़े हुए चित्तकबरे पत्ते दिखाई देने पर) को निकालकर नष्ट करे तथा रस चूसने वाले कीड़ो के नियत्रंण हेतु सर्वागीं कीटनाशी का छिड़काव करें। झुलसा रोग के प्रकोप से बचाव हेतु मैनकोजेब 2.5 ग्रा0/ली0 या कॉपर आॅक्सीक्लोराइड 3.0 ग्रा0 प्रति ली0 पानी की दर से घोल बनाकर छिडकाव करे।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	गर्मी के मौसम में पशुशाला के आसपास की नालियो में मेलाथियॉन अथवा अन्य कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव समय समय पर कराते रहे। इस गर्मी के दिनों में पशुओं के लिए पानी की उचित व्यवस्था करें। पीने के पात्र को साफ रखना चाहिए और दिन के समय पशुओ को कम से कम चार बार पानी जरूय पिलाये। पशुओं में मेस्टाईटिस के लक्षण दिखाई देने पर इसका तुरंत इलाज कर

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	रबी फसलो की कटाई के बाद खाली खेत से इस मई माह में मृदा नमूना खेत से 10-15 विभिन्न स्थानो से लेना चाहिए। मिट्टी का नमूना 20 सेमी तक की गहराई से लेना चाहिए